प्रदेश के 55 लाख लोगों को निःशुल्क स्मार्ट फोन वितरीत किये जाएंगेः केदार

केरलापाल पहुंचे स्कूल शिक्षा मंत्री, ग्रामीणों से हुए रूबरू, खड़कागांव से घोटुलपारा तक सड़क निर्माण को दी मंजूरी

नारायणपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस) प्रदेश के स्कूली शिक्षा एंव आदिम जाति कल्याण मंत्री बीते 5 दिसम्बर को नारायणपुर ब्लाक के केरलापाल ग्राम पंचायत के घोटुलपारा पहुंचकर ग्रामीणों से उनकी और उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा उनकी बातों को बड़े ध्यान से सुना। श्री कष्यप ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों की सभी समस्याओं और मांगों के बारे में प्रारंभ से ही सहानुभूति दृष्टिकोण अपनाएं हुए है। आगे भी उनके लिए जो कुछ भी बेहतर से बेहतर संभव होगा, जरूर किया जायेगा।

उन्होंने मौके पर बताई गयी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। मंत्री श्री कश्यप ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सुचना क्रांति योजना (स्काई) के तहत प्रदेश के 55 लाख लोगों को निःशुल्क स्मार्ट फोन वितरित किये जाएंगे। स्मार्ट फोन वितरित करने के लिए गांव-गांव में शिविर लगाये जाएंगे। स्मार्ट फोन में राज्य शासन की सभी योजनाओं की जानकारी होगी। साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन पत्र प्रारूप भी उपलब्ध रहेगा। जिसे डाउनलोड कर घर बैठे ही योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किये जा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारायणपुर जैसे दूरस्थ अंचलों में तेन्दूपत्ता संग्राहकों और मजदूरों सहित युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों और गरीब परिवार के लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी के लिए पूरे प्रदेश में लगभग दो हजार मोबाईल टॉवर लगाये जाएंगे। श्री कश्यप ने अधिक से अधिक लोगों को राज्य शासन की इस योजना के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पंच-सरपंच सहित सभी जनप्रतिनिधियों से सक्रिय पहल करने का आग्रह किया।

इस दौरान स्कूली शिक्षा मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि जिले में इंटरनेट एवं मोबाईल सुविधा के रूचारू संचालन हेतु राज्य सरकार बस्तर नेट परियोजना पर तीव्रगति से काम कर ही है। इसके पूर्ण हो जाने पर आने वाले दिनों में जिले के मोबाईल नेट एवं इंटरनेट की सुचारू सुलभ होगी। इस मौके पर मंत्री श्री कश्यप ने ग्रामीणों की मांग पर घोटुलपारा में स्ट्रीट लाईट लगाने सहित खड़कागांव से घोटुलपारा तक सड़क निर्माण एवं प्राथमिक शाला घोटुलपारा में साढ़े पांच लाख रूपये की लागत से बाण्डीवाल की निर्माण की स्वीकृति दी।

इस अवसर पर कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला उईके, जनपद पंचायत अध्यक्ष राजमन कोर्राम, रूपसाय सलाम क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

विश्व मृदा दिवस सह जैविक कृषि मेला आयोजित

बीजापुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग बीजापुर द्वारा 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस सह जैविक कृषि मेला का सफल आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के प्रक्षेत्र पनारापारा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती जमुना सकनी अध्यक्ष जिला पंचायत, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अमरावती पुनेम सभापति कृषि स्थायी समिति, चन्द्रशेखर जुमार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत,बीजापुर सुमन कोरसा, नीना रावतिया सदस्य,जिला पंचायत, एवं चन्देया सकनी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती जमुना सकनी ने कहा कि कृषक अपने खेतों का मृदा परीक्षण अवश्य करावें साथ ही मृदा परीक्षण उपरात प्राप्त सॉयल हेल्थ कार्ड अनुसार खाद का उपयोग करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मृदा परीक्षण को जिले में एक अभियान के रूप में चलाया जाये ताकि जिले के सभी कृषकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सकें। विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीना रावतिया ने कहा कि जिले में मृदा परीक्षण को गॉव-गॉव में जाकर मृदा नमूना एकत्र करना ,प्रशिक्षण एवं सॉयल हेल्थ कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी किसानों को दिया जाना चाहिये। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत चन्द्रशेखर जुमार ने कहा कि बीजापुर में फसल चक्र एवं फसल विविधता को बढ़ावा दिया जाना चाहिये एवं जैविक खेती को आधार मानकर धीरे-धीरे रासायनिक उर्वरकों की मात्रा एवं उपयोग कम करने पर जोर दिया ।

उपसंचालक कृषि पी.कुसरे ने कृषकों को मृदा परीक्षण की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।उन्होने कृषि में उन्नत तकनीक अपनाने पर जोर दिया। किसानों को दलहन एवं तिलहन फसल लेने की सलाह दी उन्होने योजनाओं के साथ कृषकों को हो रही परेशानियों को तत्काल दूर करने की बात कही। कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरूण सकनी द्वारा कृषकों को मृदा परीक्षण के उपरांत उर्वरक प्रबंधन की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के कर कमलो द्वारा जिले के किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किया गया साथ- साथ पौधा किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत 2 किसानों को देशी किस्मों के पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मृदा परीक्षण हेतु मृदा नमुना लेने का प्रदर्शन किया गया।

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में एक जवान घायल

कोण्डागांव, 06 दिसंबर (सन्यूस)। कोण्डागांव जिले में पुलिस - नक्सली मुठभेड़ में आज सुबह जिला पुलिस बल का एक प्रधान आरक्षक गंभीर से घायल हो गया। घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रायपुर रवाना किया गया है।

कोण्डागांव एसपी आशुतोष सिंह ने बताया कि मर्दापाल के जंगल में नक्सलियों के जमावड़े की सूचना मिली थी, इसके मद्देनजर मर्दापाल थाने से जवानों का एक दल अदरूनी इलाके में गश्त करते हुये जब आज सुबह ग्राम हेड़ली के जंगल के पास पहुंचा, तो घात लगाये नक्सलियों ने पुलिस दल पर हमला कर दिया। दोनों ओर से गोलीबारी हुई, गोलीबारी में प्रधान आरक्षक कोमल खलको गंभीर रूप से घायल हो गया है, उसे हेलिकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए रायपुर रवाना किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि अलग- अलग स्थानों से अतिरिक्त फोर्स मंगाकर जंगल में नक्सलियों की घेराबंदी की जा रही है।

मुठभेड़ के बाद तीन महिला नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर, 06 दिसंबर (सन्यूस)। जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के धरमा के जगल में पुलिस और नक्सलियों के मध्य मुठभेड़ हुई, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं घटनास्थल से पुलिस ने बंदूक सहित तीन महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को थाना भैरमगढ़ से डीआरजी व जांगला बागापाल का बल संयुक्त रूप से भटवाडा, डोलर, चिहका, धरमा की तरफ गष्त के लिए रवाना हुआ था। मंगलवार को वापसी के दौरान धरमा के जंगलों में छिपे नक्सलियों ने फायरिंग की। कुछ देर तक हुई गोलीबारी के बाद नक्सली जवानों को भारी पड़ता देख भाग खड़े हुए। जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर मौके से तीन महिला नक्सली दसो ओयाम (28) निवासी धरमा, सुनीता आयोम (24) निवासी धरमा व कुमारी आयोम (21) निवासी धरमा को पकड़ा है। घटनास्थल से जवानों ने उक भरमार बंदूक, एक टिफिन बम, डेटोनेटर, पटाखे एवं नक्सली साहित्य भी बरामद किया है। पुलिस की संयुक्त पार्टी का नेतृत्व उप निरीक्षण केशव कोसले, रामचंद्र साहु, नरेश बंजारे और सहायक उप निरीक्षण हेमराज कर रहे थे।

किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व की दी गई जानकारी

कांकेर, 06 दिसंबर (सन्यूस)। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के सिंगारभाट स्थित प्रक्षेत्र पर विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण एवं कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री विक्रमदेव उसेण्डी उपस्थित थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कांकेर शंकर ध्रुवा ने किये।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ बीरबल साहू द्वारा मृदा परीक्षण के महत्व व मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता को विस्तार पूर्वक बताया, तत्पश्चात् केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा रबी फसलों के उत्पादन संबंधी जानकारी दी गई व कृषकों से परिचर्चा कर उनके समस्याओं का समाधान किया। अपने उद्बोधन में सांसद विक्रम देव उसेण्डी ने कृषकों से रसायनिक खाद का कम उपयोग कर जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करने एवं मृदा स्वास्थ्य को बनाये रखने की अपील की। तकनीकी सत्र के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के वैज्ञानिक देवचन्द सलाम, डॉ प्रफुल्लचन्द रहांगडाले, श्रीमती हेमकान्ती बंजारे, श्रीमती अंजली घृतलहरे, सुरेश सरकाम दिनेश सिन्हा द्वारा तकनीकी जानकारी कृषकों को प्रदान की गई। अंत में जिले के कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड व मिनिकिट वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के मैदानी अमले व जिले के लगभग 1112 कृषक उपस्थित थे।

सौर सुजला योजना से कृषक हो रहे लाभान्वित

सुकमा 06 दिसम्बर (सन्यूस)। सौर सुजला योजना से प्रदेश के कृषकों की सिंचाई आवश्यकता हेतु सोलर सिंचाई पंप की स्थापना तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भू-जल के संरक्षण एवं संवर्धन व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिल रही है, योजना अनुसार सिंचाई जलाशयों जैसे नदी, नाले, कुआं में वर्ष भर जल की उपलब्धता हो ऐसे नदी, कुंआ, नालो में सोलर सर्फेस, सबमर्सिबल पंप स्थापित कर कृषि हेतु सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। इसके अतिरिक्त जिले में शबरी नदी के किनारे के ग्रामों के हितग्राहियों को सोलर पम्प 3 एचपी व 5 एचपी तक प्रदाय व विद्युतविहीन खेतों में सोलर पम्प स्थापित कर निशुल्क व प्रदूषण रहित बारामासी व बाधारहित सिचाई सुविधा प्रदाय की जायेगी

स्थापित सोलर पंप एवं सोलर पैनल हेतु इन्सुरेन्श की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है तथा ऐसे कृषक जो हितग्राही अंश राशि जमा करने में असमर्थ हैं उनके लिये विकासखंड के छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक में आसान ऋण सुविधा उपलब्ध है। जिले के जनपद पंचायत स्तर पर सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव के माध्यम से भी ग्राम के लगभग सभी कृषकों को उक्त योजना से लाभान्वित होने हेतु प्रेरित करने के लिये प्रचार प्रसार किया जा रहा है,

सिंचाई हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में शासन की जनकल्याणकारी सौर सुजला योजना के तहत 500 सोलर पंप स्थापना हेतु लक्ष्य आबंटन प्राप्त हुआ है, पंप स्थापना हेतु कुल 806 आवेदन प्राप्त हुये है, जिसमें से लगभग 562 कृषकों के यहां कार्यदेश जारी करते हुये लगभग 250 पम्पों की स्थापना की जा चुकी हैं शेष पंप स्थापना कार्य प्रगतिरत हैं, तथा योजना के क्रियान्वयन हेतु 1000 कृषकों के लिये पंप स्थापना की प्रोसेसिंग फीस जिला प्रशासन के द्वारा दी जा रही है।

रमन सरकार ने कराया बस्तर को नए युग में प्रवेश-दिनेश

भानपुरी, 06 दिसंबर(सन्यूस) आज से 14 बरस पहले बस्तर में चिमनी युग था कहीं-कहीं लाइट भी थी तब की सरकार को बस्तर के लोगों को कोई चिंता नहीं थी। बस्तर के बेटे-बेटियों की कोई फिक्र नहीं थी बस्तर के किसानों की कोई चिंता नहीं थी उसकी कथनी करनी में कोई मेल नहीं था बस्तरियो को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया था।आज मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की सरकार में बस्तर में विकास की गंगा बह रही है। बस्तर के गांव गांव में बिजली लग रही है। बस्तर के बेटे-बेटियों की भविष्य गढा जा रहा है। चाहे चावल हो या बिटियो को साइकिल बस्तर एक नए युग में प्रवेश कर रहा है शिक्षा के क्षेत्र में मेरे छोटे भाई शिक्षा मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर गांव गांव में स्कूल कॉलेज खोले हैं शिक्षा का स्तर बढ़ा है एक नए बस्तर का निर्माण है आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्जवल योजना के तहत महिलाओं को गैस वितरण किया जा रहा है महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिल रही है आज लगभग 15 लाख की लागत से सीसी सड़क के निर्माण का भूमिपूजन हो रहा है पहले साल में 50 हजार तक के कार्य बड़ा मुश्किल से होते थे। चारों तरफ पक्की सड़कों का निर्माण हो रहा है आप सब को भी ऐसी सरकार को समर्थन देना है जो आपके और आपके बच्चों के सपनों को पूरा करती है उक उद्गार बस्तर सांसद दिनेश कश्यप ने सुदूर बस्तर ब्लाक के ग्राम मादलापाल में आयोजित प्रधानमंत्री उज्जवल योजना कृषि बीज वितरण एवं 15 लाख की लागत से बनने वाली सी सी सड़के के भूमि पूजन अवसर पर व्यक्त किए।

संयुक्त सचिव मल्लिक ने किया कन्हारपुरी सीताफल उत्पादक समूह का निरीक्षण

कांकेर, 06 दिसंबर(सन्यूस)। भारत सरकार के संयुक्त सचिव गृह मंत्रालय अनिल मल्लिक द्वारा अपने कांकेर के दो दिवसीय प्रवास के दौरान कांकेर खण्ड के ग्राम कन्हारपुरी में जय प्रगति सीताफल उत्पादक एवं मूल्य संवर्धन समूह का निरीक्षण किया। श्री मल्लिक ने समूह की महिला सदस्यों से सीताफल पल्पिंग उत्पादन की जानकारी ली। उन्होंने भवन में रखे सीताफल पल्पिंग मशीन, फ्रीजर इत्यादि का अवलोकन किया। उन्होंने सदस्यों द्वारा सीताफल संग्रहण तथा बिक्री कर समूह को होने वाली आमदनी का जायजा लिया। सदस्यों द्वारा सीताफल डिब्बे में पेक कर बाहर भेजने तथा स्थानीय स्तर पर बेचने और आइस्क्रीम निर्माण एवं मार्केटिंग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्व सहायता समूह भवन में सिलाई मशीनों का भी अवलोकन किया। समूह की महिलाओं द्वारा संयुक्त सचिव से सीताफल से आईसक्रीम बनाने की मशीन की मांग की गई।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने ली निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

अधूरे निर्माण कार्यों को तीव्र गति से संचालित करने के निर्देश

नारायणपुर, 06 दिसम्बर (सन्यूस)। प्रदेश के स्कूली शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री केदार कश्यप एवं सांसद बस्तर दिनेश कश्यप ने आज नारायणपुर के कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरतमंद बेरोजगार युवकों को अधिकाधिक ऋण वितरित कर स्वयं का रोजगार स्थापित करने में मदद करें। इसके बाद स्कूली शिक्षा मंत्री केदार कश्यप ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर मंत्री ने वर्षों से लंबित पड़े निर्माण कार्यों को नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वहीं जिले में चल रहे निर्माण कार्यों में पर्याप्त मजदूरों की उपलबधता, निर्माण कार्य में लगने वाले मशीनों तथा उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था एवं पर्याप्त मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित कर कार्य को तीव्र गति से संचालित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान मंत्री ने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के मापदंडों का परिपालन सुनिश्चित कर तीव्रगति से संचालित करने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, डीएफओ सुश्री स्टॉयलो मंडावी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नारायणपुर अशोक चौबे के अलावा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

होण्डा ग्रेजिया नया स्कूटर लांच

जगदलपुर,6 दिसम्बर (सन्यूस)। स्थानीय वाहेगुरु मोटर में बुधवार की दोपहर होण्डा ग्रेजिया नए स्कूटर का लांच संचालक जितेंद्र पाल सिंह आहलूवालिया के द्वारा केक काटकर किया गया । इस अवसर पर संचालक अहलूवालिया ने बताया कि यह एरो डायनामिक टेक्नोलॉजी पर आधारित भारत का पहला स्कूटर है जिसमें साइड्स विथ स्टेण्डर्ड सीबीएस सामने के चक्के में 190 एमएम का डिस्क ब्रेक ऑपशन के रूप में उपलब्ध है। इस स्कूटर में 125 सीसी का इंजन लगा हुआ है। पूरा डिजिटल मीटर के साथ इको स्पीड इंडिकेटर भी लगा है। फंट डिस्क ब्रेक के साथ अलाइव व्हील लगे हुए हैं। एलईडी लाइट के साथ आकर्षक हेडलैंप है जो इस स्कूटर को एक विशेष पहचान देता है। यह आम उपभोक्ताओं के लिए काफ ी सुविधाजनक एवं विश्वसनीय होगा। उन्होंने बताया कि यह स्कूटर 1 लीटर में 60 किलोमीटर चलेगी। वर्तमान में इसके तीन मॉडल बाजार में उपलब्ध कराये गये हैं। इसका क्रमशः मूल्य 60 हजार, 61 हजार और 64 हजार है। इस अवसर पर लोगों ने होण्डा ग्रेजिया का टेस्ट ड्राइव भी किया।